राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

(पूर्व राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड)
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018
www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं.0141–2722520

क्रमांकः प.8 (44) प.आ./ R.S.S.B./लि.ग्रे.II/कनि.सहा.सं.सी.भ.प./2018/525 दिनांकः 08.08.2018

संशोधित – विज्ञप्ति

राजस्थान सचिवालय मंत्रालयिक सेवा नियम–1970, राजस्थान लोक सेवा आयोग (लिपिक वर्गीय एवं अधीनस्थ) नियम तथा विनियम 1999 एवं राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा नियम–1999 के अन्तर्गत क्रमशः शासन सचिवालय, राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के माध्यम से राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों/कार्यालयों के लिए लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक के पदों पर भर्ती हेतु बोर्ड के विज्ञापन संख्या 07/2018 दिनांकः 16.04.2018 एवं संशोधित विज्ञप्ति क्रमांकः 1422 दिनांकः 20.04.2018 व क्रमांकः 2858 दिनांकः 07.06.2018 द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे ।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा जारी विज्ञप्ति समसंख्यक क्रमांकः 507 एवं 508 दिनांकः 02.08.2018 द्वारा यह जानकारी भी दी जा चुकी है कि लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक के पदों पर भर्ती हेतु प्रथम चरण में उन अभ्यर्थियों, जिनका अंग्रेजी में नाम अंग्रेजी वर्णमाला (English Alphabet) में प्रथम नामाक्षर के क्रमानुसार A to G (ए से जी तक) प्रारम्भ होता है, की परीक्षा दिनांकः 12.08.2018 को (प्रातः 08.00 बजे से 11.00 बजे तक एवं अपरान्ह 02.00 बजे से 05.00 बजे तक) आयोजित की जावेगी ।

उपरोक्त परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन इस प्रकार किया जाता है कि **"विशेष योग्यजन अभ्यर्थियों की परीक्षा दिनांकः 12.08.2018 के स्थान पर दिनांकः 16.09.2018 को आयोजित करवाई जावेगी"** अतः ऐसे विशेष योग्यजन अभ्यर्थियों, जिन्होनें बोर्ड के उक्त विज्ञापन संख्या 07/2018 दिनांकः 16.04.2018, संशोधित विज्ञप्ति क्रमांकः 1422 दिनांकः 20.04.2018 व क्रमांकः 2858 दिनांकः07.06.2018 के क्रम में लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा, 2018 के लिए "विशेष योग्यजन श्रेणी" (Specially abled category)में आवेदन प्रस्तुत किया है, उन्हें दिनांकः 12.08.2018 को परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है ।

परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें । बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे। नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें ।

(डॉ. बी0 एल0 जाटावत)
अध्यक्ष